दैनिक भास्कर 31/01/2023

# वर्तमान समय गांधी के चिंतन की प्रासंगिकता का है: जैन

अम्बाला | कैंट के गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज के प्रांगण में प्रिंसिपल डॉ. वीके जैन की अध्यक्षता में गांधी जी की पुण्यतिथि मनाई गई। प्रिंसिपल ने गांधी जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। सभी ने 2 मिनट का मौन रखा। प्रिंसिपल ने बताया कि वर्तमान समय गांधी जी के चिंतन की प्रासंगिकता का समय है, क्योंकि समूचे विश्व में वह एक आदर्श के रूप में स्थापित हैं जिन्होंने आम जनमानस को अपने मूल्य आदर्शों और सिद्धांतों से प्रभावित किया।